दिनांकः 16.05.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- जनगणना 2027 के तहत राज्य में आज से मकानों के सूचीकरण का काम शुरूं
- सी.बी.आई. ने आज नीट–यूजी 2026 प्रश्नपत्र लीक मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया–मामले में अब तक 9 गिरफ्तारियां हुईं
- राज्य में व्यवसायिक शिक्षा को बढावा देने के लिए 500 स्कूलों में नये पाठ्यक्रम शुरू किये जायेंगें
- प्रदेश के अधिकांश हिस्से भीषण गर्मी की चपेट में–अगले सप्ताह तापमान में 2 से 3 डिग्री बढोतरी की संभावनां

000

प्रदेश में आज से जनगणना 2027 के तहत मकानों के सूचीकरण और गणना का कार्य शुरू हो गया हैं आगामी 14 जून तक चलने वाले इस चरण में प्रगणक घर–घर जाकर मकानों की निर्माण सामग्री और उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में 33 सवाल पूछ रहे हैं भीलवाड़ा जिले में इस कार्य के लिए 4 हजार 163 प्रगणक तैनात किए गए हैं जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने आमजन से सही जानकारी देकर सहयोग करने की अपील की हैं उधर, पाली जिले में भी 3 हजार से अधिक प्रगणक मोबाइल ऐप के जरिए वास्तविक लोकेशन के साथ आंकड़े जुटा रहे हैं

000

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने आज नीट–यूजी 2026 परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया हैं आरोपी मनीषा गुरुनाथ मंधारे महाराष्ट्र के पुणे की वरिष्ठ वनस्पति विज्ञान शिक्षिका हैं उन्हें राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया थां जांच एजेंसी ने बताया कि आरोपी के पास वनस्पति विज्ञान और प्राणी विज्ञान के प्रश्नपत्रों तक पूरी पहुंच थीं सीबीआई ने कहा कि उन्होंने 14 मई को गिरफ्तार की गई मनीषा वागमारे के माध्यम से नीट परीक्षा के संभावित उम्मीदवारों को जुटाया और पुणे स्थित उनके आवास पर इन विद्यार्थियों के लिए विशेष कोचिंग कक्षाएं चलाईं

इस मामले में अब तक दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे और अहिल्यानगर से नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका हैं इनमें से पांच आरोपियों को पहले ही अदालत में पेश किया जा चुका है और पूछताछ के लिए सात दिन की रिमांड पर लिया गया हैं

कल गिरफ्तार किए गए अन्य दो आरोपियों को पुणे की अदालत में पेश किया गया और पारगमन रिमांड के बाद दिल्ली भेज दिया गया हैं पिछले 24 घंटों में, सीबीआई ने देश भर में छह स्थानों पर तलाश अभियान चलाया है और कई आपत्तिजनक दस्तावेज, लैपटॉप, बैंक स्टेटमेंट और मोबाइल फोन जब्त किए हैं

000

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि ए.आई. के इस दौर में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता ही देश की संप्रभुता की एकमात्र गारंटी हैं श्री शेखावत आज जोधपुर में रक्षा प्रयोगशाला के 68वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थें केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में अब केवल पारंपरिक हथियार ही युद्ध का माध्यम नहीं हैं, बल्कि पेमेंट गेटवे और सेमीकंडक्टर निर्माण जैसी तकनीकें भी सामरिक हथियार बन चुकी हैं उन्होंने कहा कि देश रक्षा उपकरणों के आयात पर निर्भरता कम कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा हैं श्री शेखावत ने वैज्ञानिकों से विकसित भारत के संकल्प में बढ़–चढ़कर भागीदारी निभाने का आह्वान कियां

..................

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने आज जयपुर के भामाशाह टेक्नो हब का दौरा कर स्टार्टअप्स और युवा उद्यमियों द्वारा किए जा रहे विभिन्न तकनीकी नवाचारों की सराहना कीं इस अवसर पर उन्होंने रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्टार्टअप्स के प्रयासों को देखां मुख्य सचिव ने ए. आई. और आधुनिक तकनीक पर आधारित शिक्षा से जुड़े स्टार्टअप्स को पीएमश्री विद्यालयों से जोड़ने पर ज़ोर दियां उन्होंने कहा कि इससे स्कूली स्तर पर ही बच्चों को उन्नत तकनीक और नवाचारों को समझने का मौका मिलेगां

..........................

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और नीदरलैंड वैश्विक संकटों से निपटने के लिए भरोसेमंद, पारदर्शी और भविष्य के लिए तैयार आपूर्ति व्यवस्था बनाने पर मिलकर काम कर रहे हैंअपने पांच देशों के दौरे के तहत आज नीदरलैंड के हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया इस समय ऊर्जा संकट जैसी कई बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही हैं उन्होंने कहा कि यदि इन चुनौतियों का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो वैश्विक विकास प्रभावित हो सकता है और बड़ी आबादी गरीबी की ओर बढ़ सकती हैं प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि 21वीं सदी में भारत अवसरों की धरती बनकर उभर रहा है, जो तकनीक और मानवीय मूल्यों दोनों के आधार पर आगे बढ़ रहा हैं

...................

000

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप राज्य में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पांच सौ स्कूलों में नए पाठ्यक्रम शुरू किये जायेंगें संसदीय कार्य, कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने आज जोधपुर के मणाई में एक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ये बात कहीं उन्होंने कहा कि इस पर 51 करोड़ 10 लाख रुपये खर्च किये जायेंगें साथ ही बजट घोषणा के अनुसार स्कूलों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए दो हजार करोड़ रुपये की लागत से विद्यालय आधारभूत संरचना कोष बनाया जायेगां श्री पटेल ने बताया कि करीब 400 विद्यालयों को 'सीएम–राइज' स्कूलों में क्रमोन्नत किया जाएगां साथ ही प्रदेश के एक हजार स्कूलों में एआई आधारित लर्निंग लैब्स स्थापित की जाएंगीं

000

जयपुर पुलिस, पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधा के लिए कई नवाचार कर रही हैं इनमें ए–आई आधारित भीड़ सुरक्षा प्रणाली और पिंक गार्ड मोबाइल ऐप शामिल हैं पिंक गार्ड मोबाईल एप के बारे में बताते हुए जयपुर के पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल ने कहा कि यह बहुभाषी ऐप स्मार्ट नेविगेशन और त्वरित सहायता जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगां उन्होंने कहा कि इस ऐप के माध्यम से पर्यटकों को सुरक्षित रास्तों की जानकारी, सत्यापित गाइडों की सूची और आपातकालीन मदद मिल सकेगीं

......................

000

जयपुर के जवाहर कला केंद्र में आज से जूनियर समर कैंप की शुरुआत हुई पर्यटन, कला और संस्कृति विभाग की शासन सचिव शुचि त्यागी ने इस शिविर का विधिवत शुभारंभ कियां 20 जून तक आयोजित होने वाले इस कैंप में बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के लिए इस वर्ष लगभग 520 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया हैं जवाहर कला केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. अनुराधा गोगिया ने बताया कि कैंप के दौरान बच्चों को रंगमंच के साथ साथ कला सहित विभिन्न विधाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं

.......................

000

प्रदेश के अधिकांश हिस्से भीषण गर्मी की चपेट में हैं चिलचिलाती धूप और लू से जनजीवन प्रभावित हैं मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान ज्यादातर हिस्सों में मौसम शुष्क रहां 44. 8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ फलौदी सबसे गर्म स्थान रहां विभाग के अनुसार, अगले सप्ताह प्रदेश के अधिकांश भागों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और बढोतरी होने की संभावना हैं इस दौरान पूर्वी और पश्चिमी ज़िलों में दिन का पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक

पहुंच सकता हैं राज्य में एक बार फिर से हीटवेव का दौर दौर शुरू होगां वहीं 18 मई से पश्चिमी और उत्तरी इलाकों में तेज रफ्तार हवाए चलने की संभावना हैं

000

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर, प्रदेश में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई आयोजित किये गयें झुन्झुनू में जागरूकता रैली निकाली गयीं एएनएम ट्रेनिंग सेन्टर की छात्राओं के द्वारा निकाली गयी इस रैली के माध्यम से डेंगू के बचाव और मच्छरों की रोकथाम के उपायो की जानकारी दी गई जैसलमेर में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग कर्मियों की ओर से मच्छर रोधी गतिविधियां की गई और लोगो को समझाया गयां वहीं करौली में **जांच करें, सफाई करें और ढकें** थीम पर अभियान चलाया जा रहा हैं इसके तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में डेमो, पोस्टर, पम्पलेट और सोशल मीडिया के ज़रिये लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं

000